भारत सरकार
सूचना और प्रसारण मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 5497
(दिनांक 26.07.2019 को उत्तर देने के लिए)

दूरदर्शन/आकाशवाणी केन्द्र

5497. श्री अशोक कुमार रावतः
श्रीमती अन्नपुर्णा देवीः

क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश में वर्तमान में दूरदर्शन केन्द्र/आकाशवाणी केन्द्र विहीन जिले विशेषकर पिछड़े और ग्रामीण क्षेत्र कौन से हैं;

(ख) विगत तीन वर्षों से आज की तिथि तक, सरकार को किन-किन राज्यों से दूरदर्शन केन्द्र/आकाशवाणी केन्द्र की स्थापना हेतु अनुरोध प्राप्त हुए हैं;

(ग) इस संबंध में सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की गई/किए जाने की संभावना है;

(घ) देश में सभी जिलों को दूरदर्शन/आकाशवाणी नेटवर्क से कब तक जोड़े जाने का विचार है; और

(ङ) क्या सरकार का झारखण्ड के कोडरमा जिले में आकाशवाणी केन्द्र स्थापित करने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर
पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन तथा सूचना और प्रसारण मंत्री
(श्री प्रकाश जावड़ेकर)

(क): प्रसार भारती ने सूचित किया है कि देश भर में 66 दूरदर्शन केंद्र (स्टूडियो केंद्र) और 479 प्रसारण स्टेशन (228 पूर्ण-विकसित स्टूडियो और 251 रिले केंद्रों सहित) हैं। देश भर में आकाशवाणी सेटअप्स और दूरदर्शन सेटअप्स की सूची प्रसार भारती की वेबसाइट के लिंक क्रमश: **http://prasarbharti.gov.in/pbcircular/Administration-660472.pdf** और **http://prasarbharti.gov.in/pbcircular/Administration-210200.pdf** पर उपलब्ध है।

(ख) से (घ): पिछले तीन वर्षों के दौरान देश के 12 राज्यों में 21 स्थानों पर दूरदर्शन केंद्रों (स्टूडियो केंद्र) की स्थापना हेतु अनुरोध प्राप्त हुए हैं, जिनकी सूची **अनुलग्नक-I** में दी गई है। वर्तमान में, दूरदर्शन नेटवर्क के सभी चैनल अपने फ्री-टु-एयर डीडी डायरेक्ट-टु-होम के माध्यम से पूरे देश में उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त, विभिन्न राज्य सरकारों से आकाशवाणी सेटअप्स की स्थापना हेतु 14 अनुरोध प्राप्त हुए हैं, जिसमें से 6 स्थानों पर आकाशवाणी सेटअप्स को कार्यशील बनाया गया है। की गई कार्रवाई सहित ब्यौरा **अनुलग्नक-II** में दिया गया है।

(ङ): वर्तमान में, झारखंड के कोडरमा जिले में आकाशवाणी स्टेशन स्थापित करने की कोई अनुमोदित योजना नहीं है।

अनुलग्नक-I

दिनांक 26.07.2019 के लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 5497 के भाग (ख) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

पिछले तीन वर्षों के दौरान दूरदर्शन केन्द्र (स्टूडियो केंद्र) स्थापित करने हेतु प्राप्त अनुरोध

क्रम सं.	राज्य	उन स्थानों के नाम जहां से अनुरोध प्राप्त हुए हैं
1	**असम**	**कोकराझार संजरी एनडब्ल्यूजीडब्ल्यूआर**, सिमेनचपोरी जिला धमाजी **जॉयपुखुरी**, सिसुपानी, गोलाघाट जिला में दूरदर्शन केन्द्र की स्थापना।
2	**बिहार**	**पूर्णिया** में कार्यकम निर्माण सुविधा वाला दूरदर्शन केन्द्र
3	**गुजरात**	**जूनागढ़** में नए दूरदर्शन केंद्र की स्थापना
4	**हिमाचल प्रदेश**	लाहौल एवं स्पीति जिले में **काजा** में दूरदर्शन केन्द्र की स्थापना
5	**झारखंड**	**जमशेदपुर, दुमका, धनबाद, देवधर, लातेहर** में कार्यक्रम निर्माण हेतु स्टूडियो की स्थापना
6	**केरल**	**मवेलिकारा** में उच्च शक्ति ट्रांसमीटर के साथ दूरदर्शन स्टूडियो की स्थापना
7	**मध्य प्रदेश**	**उज्जैन**, **रीवा सर्कल** में दूरदर्शन केन्द्र की स्थापना
8	**मणिपुर**	**सेनापति** में दूरदर्शन केन्द्र की स्थापना
9	**ओडिशा**	स्टूडियो सुविधा सहित मौजूदा दूरदर्शन केंद्र **करांजिया** का विकास
10	**राजस्थान**	**अजमेर** में दूरदर्शन स्टूडियो की स्थापना
11	**उत्तर प्रदेश**	**अयोध्या** **मेरठ** में दूरदर्शन स्टूडियो की स्थापना
12.	**उत्तराखंड**	**काशीपुर, जसपुर (उधम सिंह नगर) में** दूरदर्शन स्टूडियो की स्थापना हेतु अनुरोध

अनुलग्नक II

दिनांक 26.07.2019 के लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 5497 के भाग (ख) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

पिछले तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान आकाशवाणी स्टेशनों को स्थापित करने के लिए राज्यों से प्राप्त अनुरोध के ब्यौरे

क्र. सं.	प्राप्त प्रस्ताव के लिए स्थान/राज्य	प्रस्तावों पर कार्रवाई
1.	नामसाई, अरुणाचल प्रदेश	100 वाट एफएम ट्रांसमीटर पहले से कार्य कर रहा है और 1 किलोवाट एफ एम ट्रांसमीटर स्थापित करने की स्कीम अनुमोदित है।
2.	तिरप जिला, अरुणाचल प्रदेश	तिरप जिले के देवमाली में 100 वाट एफएम ट्रांसमीटर पहले से कार्य कर रहा है। तिरप जिले के खोंसा मुख्यालय में 1 किलोवाट एफ एम ट्रांसमीटर अनुमोदित है।
3.	असम के विभिन्न भागों में एफएम ट्रांसमीटर	करीमगंज, गोलपाड़ा, और सिलचर में आकाशवाणी एफएम ट्रांसमीटर सेटअप शुरू किए गए।
4.	बीजापुर, छत्तीसगढ़	कोई अनुमोदित स्कीम नहीं है।
5.	दांतेवाड़ा, छत्तीसगढ़	कोई अनुमोदित स्कीम नहीं है।
6.	जगदलपुर, छत्तीसगढ़	100 वाट एफएम ट्रांसमीटर पहले से ही कार्य कर रहा है।
7.	नारायणपुर, छत्तीसगढ़	कोई अनुमोदित स्कीम नहीं है।
8.	जमजोधपुर (जामनगर), गुजरात	कोई अनुमोदित स्कीम नहीं है।
9.	नरसिंहपुर (डीडी एलपीटीवी), मध्य प्रदेश	100 वाट एफएम ट्रांसमीटर स्थापित करने की स्कीम अनुमोदित की जा चुकी है।
10.	अहेरी, महाराष्ट्र	कोई अनुमोदित स्कीम नहीं है।
11.	गढ़चिरोली, महाराष्ट्र	100 वाट एफएम ट्रांसमीटर पहले से ही कार्य कर रहा है।
12.	गोंदिया, महाराष्ट्र	100 वाट एफएम ट्रांसमीटर पहले से ही कार्य कर रहा है।
13.	मायाबंदर व अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह के अन्य द्वीप	कोई अनुमोदित स्कीम नहीं है।
14.	लातेहार, झारखंड	कोई अनुमोदित स्कीम नहीं है।